तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
नगर निगम ने 16 महीनों में विकास के तय किए नए सोपान, 537 करोड़ के विकास कार्य हुए पूरे : संजूदेवी

खबर संक्षेप

सउनि, प्रआर सहित पांच आरक्षकों का हुआ तबादला

कोरबा। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने विभागीय कार्यों में कसवाट लाने अधिकारी कर्मचारियों का तबादला किया है। सउनि और प्रआर सहित पांच आरक्षकों का तबादला किया है। जिनमें सउनि राजेंद्र राठौर को थाना बांगो से पुसके सीएसईबी, प्रआर 352 शंखधर जायसवाल को रक्षित केंद्र से चौकी कोरबी, आरक्षक टंकेश्वर पटेल रक्षित केंद्र से चौकी कोरबी, रितेश कुमार शर्मा चौकी कोरबी से पुसके सीएसईबी, पुरुषोत्तम लाल मुखर्जी थाना उरगा से पुसके सीएसईबी, विनोद कुमार कंवर थाना पसान से पुसके सीएसईबी एवं अरविन्द साहू को थाना लेमरु से पुसके सीएसईबी तबादला किया गया है।

राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन 31 तक

कोरबा। केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से द्वारा 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, इसका प्रमुख उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यो एवं बेहतरीन उपलब्धियों को पहचानना एवं उन्हें सम्मान देना हैं, इस राष्ट्रीय पुरस्कार का मकसद उन लोगों, संस्थाओं, संगठनों, एम्प्लायर्स और दूसरे स्टेक होल्डर्स को बढ़ावा देना हैं, जिन्होने दिव्यांग लोगों के लिये समावेशी और आसान समाज बनाने में अपना अहम योगदान दिया है, यह राष्ट्रीय पुरस्कार अलग-अलग केटेगरी में प्रदान किये जाते हैं, जिनमें एम्पावरमेंट रिहैबिलिटेशन एजुकेशन स्किल डेवलपमेंट, रोजगार सृजन, एक्सेसिबिलिटी, रिसर्च और इनोवेशन स्पोर्टस, आर्टस, लिटरेचर और दूसरी संबंधित केटेगरियां शामिल हैं। इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये एपलिकेशन नॉमिनेशन सिर्फ राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आनलाईन मोड से मंगाये गये हैं, आनलाईन नॉमिनेशन एपलिकेशन 15 मई से शुरू हो गये हैं तथा इसकी आखिरी तारीख 31 जुलाई है।

नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

कोरबा। जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं की 80 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विद्यालय की प्राचार्य जानकी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कोरबा जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया तथा पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी शिक्षक रामावतार साकरे ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

अब मेडिकल अनफिट कर्मी के आश्रित का नहीं होगा नियोजन

कोरबा। कोल इंडिया में मेडिकल अनफिट यानी 9.4.0 के आधार पर कोलकर्मियों के आश्रितों को नौकरी देने का रास्ता अब बंद हो गया है। एनसीडब्ल्यूए के खंड 9.4.0 को पुनः लागू करना संभव नहीं है, जो स्थायी रूप से विकलांग कर्मचारी के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने से संबंधित है। कोल इंडिया व एससीसीएल के लिए 10वें वेतन समझौते के तहत निर्दिष्ट बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को उनके वेतन की 50 प्रतिशत राशि तब तक दी जाती रहेगी, जब तक कि उन्हें चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित नहीं कर दिया जाता है। कोयला और खनन क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों का कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पिछले दो दिनों में चार लोगों की हो चुकी है मौत

टैंकर ने स्कूटी को मारी टक्कर, भाई एवं बहन की मौत, एक नाबालिग गंभीर, परिवार पर टूटा कहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार टैंकर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में पोडी उपरोड़ा के समीप स्कूटी वाहन में सवार तीन नाबालिक बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे स्कूटी में सवार दो सगे भाई बहनों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा नाबालिक भी गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के होते ही स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने कटघोरा अंबिकापुर मुख्यमार्ग में चक्काजाम कर दिया। जिसकी वजह से इस मार्ग पर वाहनो रफ्तार थम गई चक्काजाम की सूचना पर प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद प चक्काजाम समाप्त कराया।

खास बात

- बांगो ताना क्षेत्र के कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग में पोड़ी उपरोड़ा के समीप हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनकोना निवासी दशरथ कुमार उम्र 15 वर्ष एवं रवीना उम्र 13 वर्ष पिता नंदलाल व विवेक कुमार 12 वर्ष पिता सुनील कुमार सुबह 9.30 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एवाई 2443 में सवार होकर कोनकोना से किसी काम से पोड़ी उपरोड़ा आये हुए थे जहां हाईवे में तीनों एक्टिवा में सवार होकर वापस कोनकोना लौट रहे थे तभी कटघोरा की ओर से जा रही टैंकर क्रमांक सीजी 07 सीजी 2765 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि 15 वर्षीय दशरथ व उसकी छोटी बहन रवीना की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 12 वर्षीय विवेक गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर डायल 112 बांगो पुलिस मौके पर पहुंची थाना स्टॉफ एस आई नरेंद्र डिक्सेना व आरक्षक गजेंद्र द्वारा तुरंत देर ना करते हुए मृतकों के शव को सड़क से उठा कर अस्पताल ले जाया गया और घायल को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गोस्वामी मोहल्ले में शोक और आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में मोहल्ले के ग्रामीण घटना स्थल पहुंच गए और हंगामा करते हुए कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय ⏭ शेष पेज 3 पर

हादसे के बाद सड़क पर पड़े घायल।

दुर्घनाग्रस्त स्कूटी को सड़क के किनारे की करती पुलिस।

लाठी डंडा लेकर चक्काजाम की कोशिश करते ग्रामीण।

परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

ग्राम कोनकोना निवासी नंदलाल गिरी के परिवार में कुल चार बच्चे हैं तीन पुत्री व इकलौता पुत्र था। हादसे के समय रवीना गिरी स्कूटी चला रही थी, उसके बीच में दशरथ गिरी बैठा था, जबकि सबसे पीछे विवेक गिरी बैठा था। विवेक के पिता सुनील गिरी और माता सीला बाई हैं। हादसे में विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे स्कूटी से दुकान से समान लेकर अपने घर लौट रहे थे, तभी टैंकर की चपेट में आ गए। हादसे में नंदलाल गिरी के दो बच्चों की एक साथ मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। नंदलाल गिरी रोजी मजदूरी का काम करता है।

सबसे खतरनाक सड़क है एन एच 130

जिले के सबसे खतरनाक खुनी मार्गों की बात करें तो पहला नाम कटघोरा अंबिकापुर हाईवे का आता है। इस मार्ग में जब भी हादसे होते हैं भीषण होते हैं। जिसमें कई लोगों की एक साथ मौत होती है। इस मार्ग का निर्माण जब से हुआ है तब से अब तक बड़े बड़े हादसे हो रहे हैं। हालांकि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने इस मार्ग पर ब्लैक स्पॉट की पहचान कर हादसों को रोकने की दिशा में कई तरह के प्रयास किए हैं लेकिन हादसों पर अब तक कोई विराम नहीं लग पाया है। जब तक इस मार्ग को फोरलाइन में तब्दील नहीं किया जाएगा तब तक लोग ऐसे ही जान गंवाते रहेंगे। इसलिए एनएचआई को मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मार्ग को फोर लेन में बदलने की दिशा पर ठोस कवायद करनी चाहिए ताकि इस तरह के होने वाले हादसों पर विराम लगाया जा सके। हालांकि हाईवे में जिस तरह से तीन नाबालिक स्कूटी में घूम रहे थे इससे कहीं ना कहीं परिजनों की लापरवाही सामने आ रही है। ज्ञात रहे कि एक दिन पहले ही बालको रिस्दी रिंग रोड पर ट्रेलर की ठोकर से दो लोगों की मौत हो गई थी। पिछले दो दिनों में जिले में सड़क हादसों में कुल 4 लोगों की जान जा चुकी है।

रताखार में गोबर को लेकर दो भाइयों में मारपीट, मामला दर्ज

कोरबा। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रताखार शिव मंदिर के पास रहने वाले एवं जनरल स्टोर संचालक मुकेश कुमार जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 12 जुलाई को अपने पड़ोसी भीम यादव और उसके भाई नकुल यादव से नाली में गोबर नहीं बहाने की बात कही। उनका कहना था कि इससे नाली जाम हो जाती है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है। इस बात से नाराज होकर सामुदायिक भवन के पास दोनों भाइयों ने गाली-गलौज शुरू करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पीडित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी भीम यादव और नकुल यादव के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु परीक्षा 19 को

कोरबा। प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में बालक/बालिका कक्षा 11 वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 जुलाई तक पात्र विद्यार्थियों से आवेदन मंगाये गये थे। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्धारित तिथि तक कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए तथा सभी आवेदन पात्र पाये गये। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 19 जुलाई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक परीक्षा केन्द्र प्रयास आवासीय विद्यालय डिंगापुर कोरबा में आयोजित की जायेगी। सभी आवेदकों को परीक्षा तिथि 19 जुलाई को परीक्षा केन्द्र में निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व उपस्थित होकर प्रवेश पत्र प्राप्त करने निर्देशित किया गया है। विद्यार्थियों को एक पासपोर्ट साईज फोटो व आधार कार्ड लेकर आना अनिवार्य है।

हाई स्कूलों के उन्नयन का मामला लटका, हायर सेकेंड्री के लिए करना पड़ता है छात्रों को लंबा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो वर्ष पूर्व हाई स्कूल से हायर सेकेंडरी में उन्नयन का कार्य पुराने प्रस्ताव के आधार पर किया गया था। उसमें भी कई ऐसे स्कूल हैं जिनके उन्नयन के प्रस्ताव पर अमल नहीं होने से उन स्कूलों के छात्रों को हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के लिए लंबा सफर करना पड़ता है। ऐसे स्कूलों की संख्या 12 है।

खास बातें

- सतरेंगा, सोनपुरी, रूमगरा के छात्र आते हैं बालको और टीपीनगर
- पाली, पोड़ी उपरोड़ा के हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के सामने भी दूर जाने की स्थिति

विकासखंड कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सतरेगा, सोमपुरी, रुमगरा हाई स्कूल ऐसे हैं जिनके उन्नयन का प्रस्ताव गया था। उन पर अभी तक दो साल होने को है अमल नहीं किया गया। यहां के छात्रों को हायर सेकेंडरी की पढ़ाई के लिए एक लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। सतरेंगा के छात्र अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल आते हैं वहीं सोनपुरी हाई स्कूल के छात्र बालको टाउनशिप के कन्या हायर सेकेंडरी व बालक हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश लेते हैं। इसी तरह रुमगरा हाई स्कूल को भी हायर सेकेंडरी में उन्नयन किया जाना था। दो वर्ष पूर्व इसका भी प्रस्ताव विभाग के माध्यम से भेजा गया लेकिन इस स्कूल का भी उन्नयन नहीं होने से यहां के छात्रों को हायर सेकेंडरी के लिए बालको या फिर टीपीनगर साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश लेना पड़ता है। लेमरू और जामबहार के बीच केवल दो हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं। एक अजगरबहार में और एक लेमरू में। उसके बाद से 40 किलोमीटर की परिधि में एक भी हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं है।

भारी वाहनों के बीच स्कूल का सफर

रूमगरा हाई स्कूल से उत्तीर्ण छात्रों को हायर सेकेंडरी में पढ़ाई के लिए बालको व टीपीनगर आने के दौरान जिस मार्ग से आना जाना होता है वह भारी वाहनों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। 24 घंटा ध्यानचंद चौक से लेकर रिस्दी चौक तक टेलर एवं हाईवा जैसे वाहन दौड़ते हैं। इन भारी वाहनों के बीच छात्रों को अपने स्कूल तक का सफर तय करना पड़ता है। इस दौरान हादसे भी हो चुके हैं। जिसका शिकार छात्र ही हुए हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रही लड़कियों की दर्ज संख्या

ग्रामीण क्षेत्रों में हाई स्कूल तक प्रवेश लेने वाले छात्रों में लड़कियों की संख्या पिछले कुछ वर्षों से तेजी से बढ़ी है। लेकिन हाई स्कूल के बाद हायर सेकेंडरी की सुविधा नहीं होने के कारण आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों की लड़कियां हायर सेकेंडरी की शिक्षा से वंचित हो रही हैं। कुछ अभिभावक कन्या आश्रम की सुविधा नहीं होने से अपनी लड़कियों को हायर सेकेंडरी की पढ़ाई नहीं करा पा रहे हैं। सतरेंगा से लेकर जामबहार तक केवल एक हायर सेकेंडरी स्कूल अजगरबहार में है और वहां भी कन्या आश्रम नहीं है।

टाटा मैजिक की चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

थाना उरगा पुलिस ने वाहन चोरी के प्रकरण में फरार आरोपी साहिल कुमार बागले को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की टाटा मैजिक वाहन को बरामद किया है।

थाना करतला क्षेत्र के ग्राम नोनबिर्रा निवासी करण भारद्वाज ने उरगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी टाटा मैजिक वाहन को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थ। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेही करण से पूछताछ की तो उसने अपने साथी साहिल कुमार बागले के साथ चोरी करना बताया। जिसके बाद साहिल की लगातार तलाश की जा रही थी। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि बुधवार को आरोपी साहिल कुमार बागले को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी करण भारद्वाज के साथ वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने एक अन्य टाटा मैजिक वाहन चोरी करना स्वीकार किया। पकड़े गए आरोपी साहिल कुमार बागले के कब्जे से चोरी के वाहन को जब्त किया गया है। बताया जाता है कि आरोपी साहिल के खिलाफ सीएसईबी व मानिकपुर चौकी में कई मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।

मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

फिटनेस फंडा
जितेन लालवानी

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

डाइट प्लान: मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

वर्कआउट रुटीन: मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रुटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

मैनेज करता हूं टाइम: अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

मेंटल हेल्थ: मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

फिटनेस आइडल: ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लीन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

रीडर्स को मैसेज: मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

अवेयरनेस
रजनी अरोड़ा

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

क्या आप भी अकसर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!



आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

शैंपू-साबुन-बॉडी वॉश: झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजर: चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीम: त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्स: बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।

लिपस्टिक-नेल पॉलिश: महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रे: ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)

ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर

- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

एडवाइस
शिखर चंद जैन

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प

मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

न्यूरॉन्स का रोल: मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

क्यों जरूरी है बचाव: मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।

पसीना बहाएं: जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

सिर की सुरक्षा जरूरी: मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे- साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

पर्याप्त सावधानी बरतें: कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

सामाजिक दायरा बढ़ाएं: सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

अच्छी नींद लें: रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

ब्रेन फूड लें: स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)

ब्रेन एक्सरसाइज करें

जिस प्रकार शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।

खबर संक्षेप

जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

कोरबा। जिला पंचायत अध्यक्ष कोरबा छत्तीसगढ़ द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें स्मृतिचिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। जिला पंचायतों को गौण खनिज से प्राप्त राजस्व में हिस्सेदारी प्रदान किए जाने हेतु मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही वीबीजी राम परियोजना में जिला पंचायत प्रशासन की सहमति प्रदान किए जाने के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त जिला के विभिन्न विकास कार्यों एवं जिला पंचायतों के सुदृढ़ीकरण के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराने हेतु मंत्रीगण से भी आग्रह किया गया।

बीकन स्कूल ने मनाया 42वां स्थापना दिवस

कोरबा। बीकन स्कूल एसईसीएल के प्रांगण में मुख्य प्रबंध निदेशक बिलासपुर की धर्मपत्नी श्रीमती शशि दुहान श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष की प्रेरणा तथा सृष्टि महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनीता गुप्ता तथा उनके सदस्यों के नेतृत्व में बीकन स्कूल का 42वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती गुप्ता के द्वारा विद्यालय के पांच गरीब बच्चों के लिए वर्ष भर का शिक्षण शुल्क एवं खेल सामग्री विद्यालय को दिया गया। इसके पश्चात अपने उद्बोधन में आपने विद्यार्थियों से कहा कि पढ़ाई के प्रति सदा सचेत रहना चाहिए। तत्पश्चात विद्यालय के मुख्य द्वार पर वृक्षारोपण किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान एम बी गाटलिब के द्वारा अपने उद्बोधन में श्रद्धा महिला समिति का धन्यवाद किया गया तथा बच्चों को वृक्ष के समान दूसरों के भलाई के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर महिला मंडल के सदस्य श्रीमती अर्चना झा, श्रीमती ममता बेहरा, श्रीमती रश्मिता पाढी, श्रीमती विमला जायसवाल, श्रीमती रिंकी छाबड़ा, श्रीमती रिंकू चौधरी, श्रीमती अवंतिका कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

गेवरा दीपका धूल प्रदूषण निजात के लिए सांसद की पहल रंग लाई

कोरबा। कलेक्टर सभागार में विगत दिनों हुई बैठक में सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने मुद्दा उठाया था कि गेवरा दीपका क्षेत्र के रहवासी धूल एवं प्रदूषण से ग्रसित हैं। एसईसीएल को इसके निराकरण के लिए अत्याधुनिक वाटर टैंकर का उपयोग करते हुए पानी छिड़काव एवं अन्य उपाय किए जाने चाहिए। इसी तारतम्य में एसईसीएल के गेवरा क्षेत्र में सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल एवं आधुनिक खनन संचालन को और अधिक सुदृढ़ बनाने के दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 70 किलोलीटर क्षमता वाले वाटर टैंकर का शुभारंभ किया गया। अत्याधुनिक वाटर टैंकर के संचालन से खदान क्षेत्र में धूल नियंत्रण, हाल रोड पर नियमित जल छिड़काव तथा बेहतर कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। मेक इन इंडिया पहल के अनुरूप देश में निर्मित इस 70 के एल क्षमता वाले वाटर टैंकर की उच्च क्षमता बड़े खनन क्षेत्रों में प्रभावी जल छिड़काव सुनिश्चित करेगी, जिससे धूल उत्सर्जन में कमी आएगी तथा सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल खनन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह मशीन गेवरा क्षेत्र की पर्यावरणीय प्रबंधन व्यस्था को और सुदृढ़ बनाएगी। इस अवसर पर एसईसीएल अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन ने कहा आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के साथ साथ मानव संसाधन के कौशल विकास पर समान रूप से बल देना एसईसीएल की प्राथमिकता है।

पृष्ठ 1 का शेष

टैंकर ने स्कूटी...

राजमार्ग-130 पर चक्काजाम कर दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। सूचना मिलने पर बांगो और कटघोरा पुलिस के साथ प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार विनय देवांगन ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें शांत कराया और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। साथ ही सहायता राशि का चेक प्रदान किया, एसडीएम मनोज बंजारे इस कार्यवाही में शामिल रहे, बांगो थाना प्रभारी दुर्गेश वर्मा स्टॉफ, कटघोरा थाना से एस आई राजेंद्र सिंह व स्टॉफ साथ ही पोड़ी उपरोड़ा सरपंच सहेत्तर सिंह राज व कोनकोना सरपंच द्वारा करीब एक घंटे की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया, जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात फिर से शुरू हो सका। फिलहाल पुलिस ने टैंकर को अपने कब्जे में लेकर दुर्घटनाकारित टैंकर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

प्रायमरी स्कूल की पढ़ाई चली मानदेय शिक्षकों के भरोसे

वेतन विसंगति को लेकर जिले के सहायक शिक्षक रहे हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेतन विसंगति को लेकर जिले में प्रायमरी स्कूल के सहायक शिक्षक बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ सहायक

खास बात

- पिछले लंबे समय से वेतन विसंगति दूर करने कर रहे हैं चरणबद्ध आंदोलन

शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले चल रहे आंदोलन की कड़ी में मंगलवार को सभी सहायक शिक्षक हड़ताल पर जाने की सूचना देने के साथ बुधवार को हड़ताल पर रहे। जिससे प्रायमरी स्कूल की शिक्षा व्यवस्था मानदेय शिक्षकों के भरोसे संचालित होती रही।

सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर सहायक शिक्षकों का एक बड़ा समूह बीते दो दिनों से राजधानी रायपुर में धरना दे रहा है। 15 जुलाई को विधानसभा घेरने के आंदोलन की कड़ी में प्रदेश भर से सहायक शिक्षक एक दिन पूर्व हड़ताल पर जाने की सूचना देते हुए राजधानी रायपर के आंदोलन में शामिल हुए। जिसमें जिले के सहायक शिक्षक भी आंदोलन में शामिल हुए। इससे जिले की प्राथमिक शाला में बच्चे तो नजर आए पर नियमित शिक्षकों के हड़ताल पर जाने से बच्चों के पढ़ाने की व्यवस्था मानदेय शिक्षक संभालते रहे। आंदोलन में जाने के पूर्व फेडरेशन के द्वारा मंगलवार को सभी ब्लाक मुख्यालय व जिला मुख्यालय में आंदोलन की सूचना देते हुए हड़ताल पर जाने का पत्र सौंपा। जिले के सहायक शिक्षक एक दिवसीय हड़ताल पर रहे।

पंचायत वर्ग के शिक्षक हड़ताल पर

जिले के पंचायत वर्ग के सहायक शिक्षकों के एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। जिसमें 80 प्रतिशत शिक्षकों के शामिल होने की जानकारी मिली है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

प्राकृतिक जोखिम के बीच किसानों की साथी बनी पीएम फसल बीमा योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खेती हमेशा से मौसम की अनिश्चितताओं पर निर्भर रही है। कभी सूखा, कभी अतिवृष्टि, तो कभी कीट एवं रोग किसानों की मेहनत पर पानी फेर देते हैं। ऐसे समय में किसानों को

खास बात

- जिले के 1479 किसानों को मिला 5,25 करोड़ रुपए से अधिक का बीमा लाभ

आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कोरबा जिले के किसानों के लिए मजबूत सुरक्षा कवच बनकर सामने आई है। यही कारण है कि इस योजना के माध्यम से हजारों किसानों को राहत मिली है और खेती के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

खरीफ 2025 सीजन में जिले के 1479 किसानों को 5 करोड़ 25 लाख 84 हजार 259 रुपये की बीमा दावा राशि सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। इस सहायता से प्रभावित किसान परिवारों को आर्थिक संबल मिला तथा प्राकृतिक आपदाओं से हुए नुकसान की भरपाई में बड़ी राहत प्राप्त हुई। अब खरीफ 2026 सीजन के लिए जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत पंजीयन अभियान तेज गति से चल रहा है। कृषि विभाग ने सभी पात्र किसानों से 31 जुलाई 2026 तक अपनी खरीफ फसलों का बीमा कराने की अपील की है। मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष अल नीनो के आंशिक प्रभाव के कारण अनियमित मानसून एवं खंड वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है। ऐसे में समय पर फसल बीमा कराना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम बन सकता है। कोरबा जिले की कृषि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए योजना में धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, कोदो, कुटकी, रागी, अरहर, उड़द, मूंग एवं मूंगफली जैसी प्रमुख खरीफ फसलों को शामिल किया गया है। किसान अपने गांव की अधिसूचित फसलों की जानकारी संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना केवल फसल नष्ट होने पर ही नहीं, बल्कि बाधित बोनी, स्थानीय प्राकृतिक आपदाओं तथा कटाई के बाद 14 दिनों तक होने वाले नुकसान पर भी सुरक्षा प्रदान करती है। सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली, कीट एवं रोग जैसी परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की भरपाई भी इस योजना के माध्यम से की जाती है।

दीपक बने मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिला प्रभारी

कोरबा। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने संगठनात्मक विस्तार के तहत भाजपा के दीपक जायसवाल को मनेंद्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी (एमसीबी) जिले का प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही प्रदेश कार्य समिति में भी शामिल हुए। नई जिम्मेदारी मिलने पर दीपक जायसवाल ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, संगठन एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के वरिष्ठ पदाधिकारीयों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके के लिए केवल एक पद नहीं बल्कि संगठन द्वारा व्यक्त विश्वास सम्मान और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के कार्यक्रमों को पूर्ण निष्ठा समर्पण और सेवा भाव के साथ पार्टी की रीति नीति विचारधारा एवं जन सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर तेजी के साथ आगे बढ़ेंगे।

रथयात्रा आयोजन हेतु समिति को महापौर ने दी 3 लाख की सहभागिता राशि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने दादरखुर्द में आयोजित होने जा रहे रथयात्रा के आयोजन में निगम की सहभागिता स्वरूप 3 लाख रूपये दादरखुर्द ग्राम विकास समिति को प्रदान किया तथा आर.टी.जी.एस. की प्रति उन्हें सौपी। उन्होने रथयात्रा के इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन के लिये समिति को अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्रांतर्गत दादरखुर्द बस्ती में प्रतिवर्ष भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का भव्य व सुंदर धार्मिक आयोजन किया जाता है, जिसमें कोरबा सहित दूरदराज के हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं, इस वर्ष भी 16 जुलाई को रथयात्रा का भव्य आयोजन दादरखुर्द में किया जा रहा है, इस आयोजन में निगम द्वारा प्रतिवर्ष आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है, पूर्व के वर्षों में 2 लाख रूपये की सहयोग राशि प्रदान की जाती थी किन्तु महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की पहल पर निगम की मेयर इन काउंसिल व साधारण सभा द्वारा यह सहयोग राशि बढ़ाकर 3 लाख रूपये कर दी गई है।

सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की बेटियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी, समय की बचत होगी और उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रह सकेगी। राज्य सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है और यह योजना उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

उक्त बातें महापौर संजू देवी राजपूत ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय जमनीपाली में शासन की सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलों का वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। मंगलवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, दीप

छात्राओं को किया गया साइकिल का वितरण।

वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संगीतमय वातावरण में राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा सरस्वती साइकिल योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें नियमित शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके पश्चात शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुनील भटपहरे ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए योजना का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। भाजयुमो महामंत्री, पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग प्रभारी नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि वर्तमान समय में बालिका शिक्षा समाज के समग्र विकास की आधारशिला है तथा शासन की यह योजना छात्राओं के भविष्य को नई दिशा प्रदान करेगी। कार्यक्रम के दौरान 59 पात्र छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलों का वितरण किया गया।

सेवा सप्ताह में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

कोरबा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के उपलक्ष्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा में कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य, वजन एवं ऊंचाई परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मानस नायक एवं उनकी माता श्रीमती नायक ने अपनी पूरी मेडिकल टीम के साथ उपस्थित होकर बच्चों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें उचित परामर्श व दवाइयाँ प्रदान कीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम भारत माता एवं राम सभा के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. मानस नायक, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती देव कुमारी शर्मा, विहिप के जिला मंत्री चेतन कुमार राठौर एवं जिला सह मंत्री राज नारायण गुप्ता मुख्य रूप से मंच पर उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात डॉ. मानस नायक और उनकी टीम द्वारा लगातार 5 घंटे तक स्कूल के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

SN.	Cours	Duration	Qualification
1.	BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन)	3 Year	12th Bio
2	DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन)	2 Year	12th Bio
3.	B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस)	4 Year	12th Bio
4.	OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट)	2 Year	12th Bio
5.	B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी)	4 & 2 Year	12th Bio & Maths

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व सुंदर लाल कर्ष की पुण्य स्मृति में 15 से 22 जुलाई तक आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को कलश शोभायात्रा के साथ हुआ संपन्न हुआ। कलश यात्रा सीतामढ़ी चौक स्थित कथा स्थल से प्रारंभ होकर श्री सप्तदेव मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालु महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद शोभायात्रा पुनः कथा स्थल पहुंची, जहां कलश यात्रा का समापन हुआ। श्री सप्तदेव मंदिर पहुंचने पर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी ने श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया तथा प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान कथा व्यास पंडित तारेंद्र कृष्ण महाराज का भी श्रद्धालुओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया।आयोजन के मुख्य यजमान विकास निर्मलकर (विक्की), सारिका, प्रमोद, गायत्री, फिरबाई एवं हेमपुष्पा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन, जय श्रीराम और राधे-राधे के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि 15 जुलाई से 22 जुलाई तक प्रतिदिन संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने एवं धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

कटघोरा वनमंडल के जंगल लाख पालन के लिए उपयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लाख पालन आदिवासी एवं वनवासियों की आजीविका का एक प्रमुख साधन है। वनमंडल कटघोरा के कार्यक्षेत्र कटघोरा एतमानगर व पाली परिक्षेत्र के अंतर्गत लाख पालन हेतु उपयुक्त वृक्ष कुसुम प्रचुर मात्रा में विद्यमान है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वनमंत्री के निर्देशानुसार वर्ष जनवरी, फरवरी में लाख पालन परियोजना अंतर्गत वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक जिला वनोपज यूनियन कटघोरा कुमार निशांत के निर्देश के तहत हाथी प्रभावित क्षेत्र पाथा एवं छिंदमेर के 25 कृषकों के कुल 56 कुसुम एवं बेर वृक्षों में दो क्विंटल कुसुमी बीहन लाख संचलन किया गया था। जिससे लगभग 8-10 क्विंटल लाख उत्पादन होने की संभावना वर्तमान सीजन

जून-जुलाई में कुसुम एवं बेर वृक्षों में बीहन संचलन हेतु लाख की कटाई कर कार्य प्रगति पर है जिससे कृषकों को उक्त लाख विक्रय करने पर लगभग 10 लाख रुपए आय अर्जित होगा। लाख की अच्छी पैदावार होने से पाथा एवं छिंदमेर के लाख पालक कृषक बेहद उत्साहित हैं और कृषकों द्वारा आगामी सीजन से अधिक मात्रा में पालन करने हेतु तैयारी की जा रही है। लाख लैस्सी फेरा नैक्का नामक वृक्ष से उत्पादित होने वाली एक प्राकृतिक राल है। जिसका उपयोग विद्युत कुचालक वार्निस फलों एवं दवाओं पर कोटिंग, पॉलिश, सजावट की वस्तुएं, रंगाई, सील, श्रृंगार के प्रसाधन इत्यादि में किया जाता है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

खबर संक्षेप

ब्रह्मकमल खिला, दर्शन के लिए पहुंचे लोग

कोरबा। पाली नगर पंचायत पाली के दुर्गा पंडाल के समीप निवासी रमेश डिक्सेना के घर दुर्लभ ब्रह्मकमल का फूल खिलने की जानकारी परिवारजनों पता चला सभी ने दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ब्रह्मकमल के खिलने की सूचना आसपास के क्षेत्र में फैलते ही बड़ी संख्या में लोग रमेश डिक्सेना के घर पहुंचने लगे। कई श्रद्धालुओं ने इस दुर्लभ दृश्य को अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया। देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार ब्रह्मकमल का खिलना अत्यंत शुभ और आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक माना जाता है। इसकी मनमोहक छटा और सुगंध ने सभी को आकर्षित किया।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 18 तक विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान

कोरबा। महिलाओं में होने वाले गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से जिले में 18 जुलाई तक विशेष एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पात्र किशोरियों को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। यह विशेष टीकाकरण अभियान जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली एवं पोड़ी-उपरोड़ा, स्वर्गीय बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कोरबा, रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत केवल वे किशोरियां पात्र होंगी जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन अभी 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो। आयु प्रमाण के लिए आधार कार्ड अथवा अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य होगा। यदि किसी हितग्राही के पास पहचान पत्र उपलब्ध नहीं है तो अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित शपथ-पत्र के आधार पर भी टीकाकरण कराया जा सकेगा। टीकाकरण के उपरांत सभी लाभार्थियों का पंजीयन यू-विन पोर्टल पर किया जाएगा तथा उन्हें डिजिटल टीकाकरण प्रमाण-पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से राशनकार्ड सेवाओं का हुआ विस्तार

कोरबा। आम नागरिकों को राशनकार्ड संबंधी सेवाएं अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने की दिशा में राज्य शासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 तथा छत्तीसगढ़ राशनकार्ड नियम, 2012 के प्रावधानों के अंतर्गत अब नवीन राशनकार्ड जारी करने, राशनकार्ड में नए सदस्य का नाम जोड़ने तथा अपात्र या पृथक हुए सदस्यों का नाम विलोपित करने की सुविधा सेवा सेतु पोर्टल (ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल) के माध्यम से जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) एवं लोक सेवा केंद्रों पर उपलब्ध करा दी गई है। इस व्यवस्था के लागू होने से अब नागरिकों को राशनकार्ड संबंधी सेवाओं के लिए स्थानीय निकायों के साथ-साथ अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर भी आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। इस नई व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए जिला प्रशासन के ई-गवर्नेंस विभाग के तत्वावधान में 13 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी लोक सेवा केंद्र संचालकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में ई-गवर्नेंस की तकनीकी टीम द्वारा सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से राशनकार्ड संबंधी आवेदनों के ऑनलाइन निराकरण की चरणबद्ध प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

रन फार ग्रीन थीम अंतर्गत ग्रीन मैराथान का आयोजन 18 को

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में रन फार ग्रीन के अंतर्गत ग्रीन मैराथान का आयोजन 18 जुलाई को किया गया है, प्रातः 7 बजे घंटाघर कोरबा से ग्रीन मैराथान प्रारंभ होगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कलेक्टर श्री दुदावत के दिशा निर्देशों के अनुरूप आदेश जारी कर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को आयोजन में उनके दायित्व सौपे हैं। रन फार ग्रीन के अंतर्गत 5 किलोमीटर रन ग्रीन मैराथान का आयोजन 18 जुलाई को प्रातः 7 से 9 बजे तक किया जायेगा, रन फार ग्रीन मैराथान प्रातः 7 बजे घंटाघर मैदान से प्रारंभ होकर विभिन्न मुख्य मार्गो से गुजरते हुये वापस डा.भीमराव अंबेडकर ओपन आडिटोरियम में समाप्त होगी, तत्पश्चात घंटाघर से पं.रविशंकर शुक्ल नगर की ओर जाने वाली मुख्य सड़क में एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण किया जायेगा, साथ ही इस आयोजन के पश्चात अगले 7 दिनों तक एक पेड़ मां के नाम का आयोजन कर शहर के मुख्य मार्गो, उद्यानों, रिक्त भू-भागों पर प्लांटेशन किया जायेगा। रन फार ग्रीन मैराथान के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत के अनुमोदन पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों को उनके दायित्व सौपे हैं।

गैर शिक्षकीय कर्मचारियों को डीपीआई ने कर दिया एकतरफा कार्यमुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय विभागों में अटैच स्कूलों के गैर शिक्षकीय कर्मचारी बाबू से लेकर भृत्य को डीपीआई ने मंगलवार को एक तरफा कार्यमुक्त करते हुए आदेश जारी कर एक सप्ताह के भीतर ऑनलाइन उपस्थिति देने के आदेश दिए हैं। नहीं देने वाले कर्मचारियों को जुलाई माह का वेतन नहीं दिया जाएगा। विभाग के इस आदेश से कर्मचारियों में हड़कंप मचा है। आदेश में कार्यमुक्त नहीं करने वाले अधिकारी का भी वेतन रोकने का उल्लेख किया गया है।

शासकीय स्कूलों के लिए भर्ती किए गए एकाउंटेंट, भृत्य के साथ सहायक ग्रेड 3 गैर शिक्षकीय कर्मचारी पिछले लंबे समय से जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में संलग्न हैं। अब तक शिक्षकों को ही कार्यमुक्त करने के आदेश जारी होते रहे हैं लेकिन अब पहली बार स्कूलों के गैर शिक्षकीय कर्मचारियों को भी सीधे कार्यमुक्त कर दिया गया है। और कड़े निर्देश के साथ एक सप्ताह के अंदर अपनी मूल शाला में ऑनलाइन उपस्थिति देने के निर्देश दिए गए हैं। उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में ऐसे कर्मचारियों का जुलाई माह का वेतन रोक दिया जाएगा। साथ ही साथ जो आहरण अधिकारी गैर शिक्षकीय कर्मचारियों को कार्यमुक्त नहीं करेंगे उनका भी जुलाई माह का वेतन रोका जाएगा। जिले में ब्लाक मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय के सरकारी दफ्तरों में अधिकांशतः बाबू और भृत्य बड़ी संख्या में अटैच किए गए हैं। जिन्हें आमतौर पर लोग उसी विभाग का कर्मचारी समझते आए हैं जबकि ये कर्मचारी जिले के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ हैं और अपनी सुविधा का लाभ लेते हुए सरकारी दफ्तरों में अटैच हो गए हैं। इनके लिए कार्यमुक्त करने जैसा आदेश नहीं होने पर ये अब तक कार्यमुक्त नहीं होते थे। अब सीधे कार्यमुक्त किए जाने से इन्हें हर हाल में अपनी मूल शाला में उपस्थिति देना होगा।

मंगलवार को जारी आदेश से विभागों में मचा हड़कंप

खास बातें

- ऑनलाइन उपस्थिति देने के दिए आदेश, कटेगा वेतन
- लंबे समय से कई विभागों में थे संलग्न

नियमित भृत्य शासकीय विभागों में अटैच

हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों के लिए भर्ती किए गए भृत्य विभागों में अटैच हैं। जिनमें शिक्षा विभाग से लेकर आदिवासी विकास विभाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जनपद कार्यालय आदि शामिल हैं और स्कूलों में सफाई व्यवस्था के लिए मानदेय पर भृत्यों की भर्ती हुई है। इस आदेश से भृत्य मूल शाला में पहुंचेंगे। मानदेय भृत्य के कार्यों पर सवाल खड़ा हो गया है।

कोरबा ने देश की स्वच्छता रैंकिंग में हासिल किया 8वां स्थान

नगर निगम ने 16 महीनों में विकास के तय किए नए सोपान, 537 करोड़ के विकास कार्य हुए पूरे : संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम ने 16 महीनों में विकास के नए सोपान तय किए हैं। इस दौरान 537 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराए गए। 434 नए विकास कार्यों को स्वीकृति मिली, जिनमें 76 पूरे हो चुके हैं, 149 निर्माणाधीन हैं और 209 कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएंगे। 165 करोड़ की सीवरेज योजना व 40 ई-बसें और अधोसंरचना कार्यों से शहर संवर रहा है। 15वें वित्त आयोग के तहत निगम के सभी 67 वार्डों में 35 करोड़ की लागत से 115 कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसकी टेंडर प्रक्रियाधीन है।

खास बात

- डंपिंग प्लाट को बंद कर बनाया गया स्मॉल गार्डन

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने बुधवार को पंचवटी में आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर निगम के सभी 67 वार्डों में सड़क, नाली, पानी, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर लगातार काम किया गया। महापौर ने कहा कि उनके कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान दिलाना रही। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत किया गया, बड़े होटल और शादीघरों के कचरा प्रबंधन के लिए सख्ती बरती गई तथा सफाई व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किए गए। 16 एसएलआरएम केंद्रों का आठ करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन किया जा रहा है। वर्तमान में 10 किलोमीटर सड़कों की सफाई रोड स्वीपिंग मशीन से हो रही है और 12 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप कोरबा ने देश के स्वच्छ शहरों में आठवां स्थान हासिल किया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण, रंग-रोगन और प्रतीक चिन्हों की स्थापना भी कराई गई। महापौर की पाती और कनेक्ट टू कमिश्नर जैसी पहल से नागरिकों की शिकायतों का 24 घंटे के भीतर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला खनिज न्यास मद से हॉकी स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम, बॉक्स क्रिकेट मैदान और सिंथेटिक रनिंग ट्रैक के निर्माण की योजना है। शहर के गीले कचरे से बायोगैस बनाने की परियोजना, मिशन वरुण के माध्यम से जलकर वसूली, राइफल शूटिंग रेंज एवं अकादमी की स्थापना, शहर के जैन चौक से होते हुए आईटीआई चौक व कोसाबाड़ी चौक तक 30 करोड़ की लागत से गौरव पथ का निर्माण किया जाएगा जो इसी माह शुरु कर दिया जाएगा। इसके अलावा कोसाबाड़ी से घंटाघर व घंटाघर से सीएसईबी चौक होते हुए सुनालिया चौक का डामरीकरण कार्य के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है। बरसात के बाद जल्द ही कार्य शुरु किया जाएगा। इसके अलावा खनिज न्यास मद से 30 करोड़ की लागत से सभी प्रमुख सड़कों के जीर्णोद्धार व डामरीकरण के कार्य की भी जल्द स्वीकृति प्राप्त होने जा रही है। शहर के सीएसईबी, सुनालिया रेलवे क्रॉसिंग में लगने वाले जाम को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि पीडब्ल्यूडी सीएसईबी चौक में वाय शेप ओवरब्रिज निर्माण को लेकर योजना बना रही है शासन की मदद से जल्द ही इस पर काम शुरु किया जाएगा। पत्रकारवार्ता के दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

मीडिया से मुखातिब होते महापौर संजूदेवी राजपूत एवं निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय।

फल विक्रेताओं के लिए बनेगा फ्रूट जोन

व्यापारिक और यातायात व्यवस्था में सुधार को लेकर उन्होंने कहा कि बुधवारी बाजार, कोसाबाड़ी डेली मार्केट और घंटाघर क्षेत्र की वर्षों पुरानी अव्यवस्था को दूर किया गया। चौपाटी को व्यवस्थित फूड जोन के रूप में विकसित किया गया, जिससे सड़क किनारे लगने वाले ठेलों का बेहतर प्रबंधन हुआ और जाम की समस्या कम हुई। फ्रुट ओवरब्रिज का उपयोग बढ़ा है तथा छोटे व्यापारियों के लिए दुकानें बनाकर आवंटित की गई हैं। कोसाबाड़ी में सब्जी विक्रेताओं के लिए भी व्यवस्थित व्यवस्था बनाई गई है। मल्टीलेवल पार्किंग परिसर के पास फ्रूट जोन विकसित कर फल विक्रेताओं को भी एक स्थान पर व्यवस्थित करने की योजना है।

211 करोड़ से बनेगा टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट

महापौर ने बताया कि शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़ी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। 211 करोड़ रुपये की लागत से 20 एमएलडी क्षमता का टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा, जबकि 33 एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन है, जिससे गंदे पानी को हसदेव नदी में जाने से रोका जा सकेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दादर खुर्द में तैयार आवासों का 22 जुलाई को आवंटन होगा। लंबे समय से बंद पड़े मल्टीलेवल पार्किंग भवन को भी उपयोग में लाया जाएगा, जहां पार्किंग के साथ 40 से अधिक दुकानों का आवंटन किया जाएगा।

पुल व सड़कों बिछेगा जाल

महापौर ने कहा कि शहर में 5 हजार नई स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य चल रहा है तथा प्रमुख चौकों पर हाईमास्ट लाइट स्थापित की जाएंगी। सुनालिया ओवरब्रिज से अग्रसेन चौक तक सड़क एवं पुल निर्माण, सर्वमंगला पुल से दर्री बांध तक फोरलेन सड़क तथा आईटीआई चौक से बालको चेकपोस्ट तक गौरव पथ निर्माण जैसी परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ट्रैफिक सिग्नल वाले प्रमुख स्थलों पर दोपहिया वाहन चालकों के लिए वेटिंग शेड बनाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत सीएसईबी चौक से हो चुकी है।

जनदर्शन में शिकायतकर्ता और खाद्य निरीक्षक के बीच हुई बहस

कोरबा। बीते सोमवार को कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग की उपस्थिति में चल रहे जनदर्शन के दौरान फरियादी और खाद्य निरीक्षक के बीच बहस होने को लेकर फरियादी के द्वारा इस मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है। इस मामले के अनुसार लोजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार दुबे जनदर्शन में पीडीएस दुकान से वितरीत होने वाले चावल एवं नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा पीडीएस दुकानों में किए जाने वाले भंडारण के दौरान होने वाली गड़बड़ियों को लेकर जनदर्शन में पहुंचे हुए थे उनके द्वारा इस मामले से जिला पंचायत श्री नाग को अवगत कराया जा रहा था इस दौरान श्री नाग ने मौके पर उपस्थित खाद्य निरीक्षक संतोष कंवर से इसकी जानकारी ली तो उनके द्वारा दी जा रही जानकारी को लोजपा जिलाध्यक्ष ने अधिकारियों को गुमराह करने वाली जानकारी देने की बात कही। इस मामले को लेकर खाद्य निरीक्षक श्री कंवर और लोजपा जिलाध्यक्ष श्री दुबे के बीच जिला पंचायत सीइओ दिनेश नाग के सामने ही बहस हो गई। जिसकी शिकायत लोजपा जिलाध्यक्ष ने लिखित में कलेक्टर से की है।

विकासखंड स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कोरबा। विकासखंड शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का तृतीय सोपान कोरबा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कमलेश तंवर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें नेट बाल बालक बालिका 17 वर्ष, शतरंज बालक बालिका 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष, बालक बालिका 17 वर्ष, 19 वर्ष, ताइक्वांडो बालिका 14 वर्ष, 17 वर्ष, 19 वर्ष क्रिकेट बालक 14 वर्ष भारत तोलन बालक बालिका 17 वर्ष, 19 वर्ष कबड्डी बालिका की स्पर्धा होगी।

खदान में लूटपाट करने वाले गिरोह के 3 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एसईसीएल गेवरा खदान में केबल वायर के लिए लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को दीपका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा अधिकारी सीआईएसएफ ने थाना दीपका में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 7 जुलाई की रात्रि को अज्ञात लोगों ने लूटपाट कि घटना को अंजाम दिया था। मामले में दीपका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान मुखबिर से सुचना के आधार पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने रलिया हरदीबाजार निवासी अरुण चौहान उर्फ दादू चौहान उम्र 23 साल पिता चंद्रिका चौहान, रोहित यादव उम्र 18 साल पिता प्रताप सिंह यादव एवं राजू प्रसाद चौहान उम्र 39 साल पिता बहत राम चौहान को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से माल मशरुका भी जब्त किया गया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

शहर के मेन रोड पर बेतरतीब वाहन पार्किंग करने वालों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में यातायात व्यवस्था बिगडऩे वाले कई वाहन चालकों पर यातायात पुलिस ने कार्यवाही करते हुए क्रेन से उठवा ली। पावर हाउस रोड स्थित पाम मॉल के सामने पुलिस ने दोपहिया गाडिय़ों को क्रेन से उठवाने की कार्यवाही की है। सड़कों में बेतरतीब ढंग से वाहनों को पार्किंग करने के कारण आवागमन पर खासी परेशानी होती है। इसी तरह पुराना बस स्टैंड और निहारिका क्षेत्र में भी पुलिस पार्टी ने पहुंचकर अभियान चलाया। यहां दुकानों के बाहर सडक़ का काफी लोगों ने अपनी गाडिय़ों के जरिए बाधित किया। ऐसे भी आना करने वाले लोगों के सामने समस्याएं खड़ी हुई और परेशानी को दूर करने के लिए लगातार हॉर्न का उपयोग करना पड़ा। इससे जन सामान्य के सामने मुश्किलें हुई। यातायात पुलिस के सउनि मनोज राठौर ने बताया कि इस तरह के अभियान को लगातार इंप्लीमेंट किया जाना है। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि किसी भी तरीके से लोगों के भीतर ट्रैफिक सेल्स अच्छी प्रकार से समझ आए।

सर्पदंश से किशोर की मौत

कोरबा। कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुरीखुर्द निवासी घासीदास का 13 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु बीती रात को खाट पर अपनी मां के साथ सोया हुआ था, इसी दौरान देर रात को किसी जहरीले सर्प ने अभिमन्यु को डस लिया। परिजनों को पता चलने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए कटघोरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान अभिमन्यु की मौत हो गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

शहर के सबसे पुराने दादरखुर्द में दिखेगा छोटे पुरी का नजारा

आज निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के शहर और उपनगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचल में भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा गुरुवार को दोपहर बाद गोधूली बेला में निकाली जाएगी। रथयात्रा के इस उत्सव में शहर के दादरखुर्द की सबसे पुरानी रथयात्रा में छोटे पुरी का नजारा दिखेगा। वहीं बालको क्षेत्र में रथयात्रा निकलते 35 साल पूरे होने जा रहे हैं।

रथयात्रा की तैयारियां समितियों के द्वारा एक सप्ताह पूर्व से की जा रही थी। भगवान के स्नान के बाद उनकी यात्रा गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकलकर अलग अलग स्थानों में स्थापित की जाएगी। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह अवधि भगवान के मौसी के घर प्रस्थान के रूप में जानी जाती है। हजारों हाथ भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए इस अवसर पर मौजूद रहेंगे। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में निकलने वाली रथयात्रा का अलग महत्व है। दादरखुर्द के रथयात्रा को निकलते सवा सौ साल पूरे होने जा रहे हैं। इसी तरह बालको औद्योगिक क्षेत्र में उत्कल समाज के द्वारा रथयात्रा राममंदिर से निकाली जाती है। जो नगर का भ्रमण कर रामलीला मैदान पहुंचती है। जहां भगवान का अस्थायी मंदिर बनाया गया है। इसी तरह ढेलवाडीह आवासीय कालोनी के अलावा, पाली नगर पंचायत में भी रथयात्रा को निकलते हुए लगभग 20 वर्ष का समय बीत चुका है। इस वर्ष यहां राधाकृष्ण की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। जिसके लिए भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है। जहां तीन दिन तक धार्मिक उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व में पाली क्षेत्र में रथयात्रा एक हाथ ठेले में निकाली जाती थी। धीरे धीरे इस रथयात्रा को भव्य रूप दिया गया।